महत्वपूर्ण एवं खास

गैस कटर से काटकर 3 लाख 71 हजार का लोहे का पोल ले उड़ा चोर

रायगढ़। विद्युत ठेकेदार विकास कुमार अग्रवाल उम्र 30 वर्ष निवासी खरसिया द्वारा थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम केशला में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का कार्य कराया जा रहा है, जिसके लिये विकास कुमार अग्रवाल द्वारा 6 जुलाई को मेसर्स सन स्टील ट्रेडर्स रायपुर से 74 नग एच.बीम. लोहे का पोल मंगाया गया था। उपकेन्द्र निर्माण कार्य प्रगति पर था कि इसी बीच दिनांक 26 एवं 27-07-18 के रात्रि ग्राम केशला मुडापारा साईट से कोई अज्ञात व्यक्ति लोहे का एच.बीम. पोल को गैस कटर से कटिंग कर 14 नग एच.बीम. पोल (कीमती लगभग 3,71,371 रूपये) को चोरी कर ले गया। एच.बीम. पोल चोरी होने की लिखित शिकायत पर आज दिनांक 05.12.18 को थाना लैलूंगा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 287/18 धारा 379 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चोरी के केबल वायर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा पर

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा में लेगे जिओ कम्पनी के टावर से 3 दिसंबर की रात 120 मीटर पावर केबल वायर चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम रजत सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ठाकुर दिया खरसिया है।

अम्बेडकर आवास में वृद्ध महिला के घर लगी आग, आग पर पाया गया काबू

रायगढ़। आज शाम चक्रधरनगर अम्बेडकर आवास में स्थित एक वृद्ध महिला जालवति सिंधी पति स्व. नारायण सिंधी उम्र लगभग 74 साल के घर अचानक आग लग गई जिसमें घर का सामान जलकर खाक हो गया। घर में आग लगने की सूचना मिलते ही ERV स्टाफ एवं फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और किसी तरह आग को बुझाया गया।

बाइक से चक्कर खाकर गिरी महिला, घायल

रायगढ़। आज शाम करीब 5 बजे मेरिन ड्राईव पुल के उपर बाइक पर बैठी एक महिला अचानक से गिरकर घायल हो गई। जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोनिका यादव उम्र 45 वर्ष निवासी छातामुड़ा अपने बेटा के साथ बाइक में पीछे बैठकर जा रही थी तभी महिला अचानक से चक्कर आने से केलो पुल के ऊपर गिर गई जिसे काफी चोटे आई है। जिसे ERV चक्रधरनगर राइनो 1 के स्टाफ द्वारा उपचाल के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां महिला का उपचार जारी है।

आधार के बाद भी काट रहे पीडीएस से नाम, रोजाना आ रही शिकायतें

राशन कार्ड में सदस्यों के नाम कटने के बाद जोड़ने के लिए आ रहे आवेदन

रायगढ़। आधार नंबर होने के बाद भी पीडीएस से हितग्राहियों के नाम कट जा रहे हैं। खाद्य विभाग के पास रोजाना इस तरह की शिकायतें आ रही हैं जिसमें पात्र होने व नियमित उठाव के बाद भी राशन कार्ड में सदस्यों के नाम कट जा रहे हैं और लोग अपना नाम जोड़ने के लिए विभाग को आवेदन दे रहे हैं।

पीडीएस में बायोमेट्रिक सिस्टम बंद होने के बाद अब साफ्टवेयर से हितग्राहियों के नाम गायब हो जा रहे हैं। जिले में शहरी वार्डों के अलावा ग्रामीण इलाकों में इस तरह की शिकायतें आ रही हैं जिसमें किसी परिवार के राशन कार्ड में से एक या दो सदस्यों का नाम साफ्टवेयर से कट जा रहा है। परिवार में मुखिया द्वारा खाद्यान्न का नियमित उठाव करने के बाद भी जब इस तरह से सदस्यों के नाम गायब हो रहे हैं। तो नाराज लोग राशन

फाईल फोटो

दुकानदार पर नाराज हो खाद्य विभाग को भी शिकायत कर रहे हैं। शहर में ही वार्ड क्रमांक 3 धांगरडीपा मोहल्ले में कई परिवार के राशन कार्ड से हितग्राहियों के नाम काट दिए गए हैं। मोहल्ले वासियों ने जब इसकी शिकायत विभाग को दी तो आधार सीडिंग एवं सत्यापन में किसी तरह की त्रुटि की आशंका होने को इसका कारण बताकर अफसरों ने अपनी ओर से सफाई दे दी और फिर से आधार नंबर देने की बात कहकर साफ्टवेयर में अपलोड कराने का आश्वासन दिया है।

महीने में 2 हजार से अधिक संशोधन

जिले में हर महीने राशन कार्ड निरस्त कर परिवार के सदस्यों की संख्या में संशोधन किया जा रहा है। नवंबर महीने में ही खाद्य विभाग ने पूरे जिले में इस तरह के 2007 संशोधन किए थे और 29 राशन कार्ड निरस्त कर दिए थे और दिसंबर महीने में भी यह प्रक्रिया जारी है।

यूआईडीएआई से भी मैपिन नहीं

आधार सीडिंग के नाम पर विभाग ने सभी सदस्यों के आधार कार्ड अपने पीडीएस के साफ्टवेयर में अपलोड किए हुए हैं लेकिन पोर्टल में अपलोड नाम व यूआईडीएआई के रिकार्ड में दर्ज नाम में भिन्नता होने के कारण कई आधार नंबर सही होने पर भी सत्यापन में रिजेक्ट हो जा रहे हैं।

धोखाधड़ी कर हितग्राहियों के खाते से निकाल ली प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि

रायगढ़। जनपद पंचायत तमनार अंतर्गत ग्राम पंचायत बुड़िया में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हितग्राहियों की राशि को गांव के ही दूसरे व्यक्ति द्वारा निकाल लिए जाने का मामला उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव के तीन आवेदकों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। उनके नाम पर स्वीकृत राशि को उनके खाते में राशि आने के बाद बुड़िया गांव के ही भोगपुर मोहल्ला निवासी पूर्व रोजगार सहायक विजेंद्र पटनायक ने गुप्त रूप से निकाल लिया। इसकी शिकायत ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत सहित थाना तमनार में कर राशि वापस करने की मांग की गई है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार विजेंद्र सिंह पटनायक ने आवेदक गुलाब सिंह के खाते से कुल 55,364, रुकमणी परजा के खाते से 55 000 तथा जगतराम परजा के खाते से 56,000 रुपए खाता खुलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए निकाल लिए।

विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन 14 दिसम्बर को

रायगढ़। विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन सभी विकासखड में 14 दिसम्बर को किया जाएगा। महिला एवं पुरूष वर्ग विजेता धावको के लिए 5 कि.मी. तथा 10 कि.मी.की दूरी निश्चित की जाएगी। विजेता महिला एवं पुरूष प्रथम से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले धावको को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस मौके पर विजयी खिलाड़ियों में महिला एवं पुरूष वग में प्रथम विजेता खिलाड़ी को एक-एक हजार, द्वितीय को 500-500 रुपए, तृतीय को 300-300 रुपए, चतुर्थ को 200-200 रुपए एवं पंचम से दसवां स्थान आने वाले खिलाडि?ों को 100-100 रुपए दिया जाएगा।

ग्राम पंचायत चिखली पंच-सरपंच दंपति के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायगढ़। परिवादी सुग्रीव किसान निवासी ग्राम पंचायत चिखली थाना पुसौर द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से माननीय न्यायालय पुष्पलता मारकण्डे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ़ के न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया है। मामले में माननीय न्यायालय द्वारा अनावेदकों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर मामले का अन्वेशण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु थाना प्रभारी पुसौर को निर्देशित किये हैं, जिसके परिपालन में 3 दिसंबर को थाना पुसौर में अनावेदकगण श्रीमती सरस्वती सिदार पति रवि शंकर सिदार उम्र 42 साल, रवि शंकर सिदार पिता नंद लाल सिदार उम्र 45 साल, श्रीमती लता साव पति अशोक साव उम्र

28 साल, अशोक साव पिता गणेश साव उम्र 35 साल के विरूद्ध अप.क्र. 254/18 धारा 409, 420, 467, 468, 471, 34 भा.दं. वि. पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

परिवादी के आवेदन अनुसार सुग्रीव किसान ग्राम पंचायत चिखली में सचिव के पद दिसम्बर 2012 से अक्टूबर 2017 तक पदस्थ था। उस समय ग्राम पंचायत चिखली की सरपंच श्रीमति सरस्वती सिदार थी, उसका पति रवि शंकर सिदार अपनी पत्नी की हैसियत से कार्य करता था। उसी प्रकार ग्राम पंचायत चिखली के वार्ड क्र. 04 की निर्वाचित पंच श्रीमति लता साव थी परंतु ग्राम पंचायत पंच वार्ड क्र. 4 के कार्यो का संपादन उसका पति अशोक साव करता था। अनावदेकगण मिलकर ग्राम पंचायत निधि से बिना प्रस्ताव के बैंक से रूपये आहरण कर लेते थे, जब परिवादी उसका विरोध करता था तो उसे डराते धमकाते थे, परिवादी ने कई बार इसकी शिकायत की थी, कार्यवाही नहीं होने पर सुग्रीव किसान द्वारा परिवाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिस पर अनावेदकों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार दो न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931